वाराणसी में खेलो इंडिया यूनविर्सिटी गेम्स 2022 का समापन

चर्चा में क्यों?

3 जून, 2023 को भारत की आध्यात्मकि राजधानी वाराणसी उत्तर प्रदेश में भारतीय प्रौद्योगकिी संस्थान (आईआईटी)-बनारस हनि्दू वशि्ववद्यालय (बीएचयू) परसिर में तीसरे खेलो इंडिया यूनविर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2022 का समापन हुआ।

प्रमुख बदुि

- पंजाब वशि्ववद्यालय, चंडीगढ़ (पीयूसी) को 26 स्वर्ण, 17 रजत और 26 काँस्य पदकों के साथ समग्र चैंपयिन घोषति कयिा गया।
- गुरु नानक देव वशि्ववद्यालय, अमृतसर (जीएनड़ीयू) 24 स्वर्ण, 27 रजत, 17 काँस्य के साथ दूसरे स्थान पर और जैन वशि्ववद्यालय, कर्नाटक 16 स्वर्ण, 10 रजत, 6 काँस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- गौरतलब है कि इस साल खेलो इंडिया यूनविर्सिटी गेम्स का तीसरा संस्करण 25 मई से 3 जून तक उत्तर प्रदेश में आयोजति कयिा गया। ये प्रतयिोगताएँ वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ और गौतम बुद्ध नगर में आयोजति की गई।
- खेलो इंडिया यूनविर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2022 में 200 से अधकि वशि्ववद्यालयों के 4000 से अधकि एथलीटों ने 12 प्रतयिोगति दनिों में 21 खेलों में प्रतस्पिर्धा की।
- खेलो इंडिया यूनविर्सिटी गेम्स के तीसरे संस्करण के शुभंकर का नाम जीतू रखा गया था, जो उत्तर प्रदेश के राजकीय पशु स्वैंप डयिर (बारहसघिा) का प्रतनिधित्वि करता है।
- उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूनविर्सिटी गेम्स का पहला संस्करण वर्ष 2020 में ओडशिा में आयोजति हुआ था तथा दूसरा संस्करण वर्ष 2022 में बंगलुरू, कर्नाटक में आयोजति कयिा गया था (कोवडि-19 महामारी के कारण वर्ष 2021 से 2022 में स्थानांतरति)।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khelo-india-university-games-2022-concludes-in-varanasi